INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM

QUESTION BANK FOR MID TERM EXAM FROM PREVIOUS YEARS QUESTION PAPERS (2023-24)

SUB: HINDI CLASS-IX

प्रश्न.1 दिए गए प्रश्नों में अनुस्वार तथा अनुनासिक शब्दों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिएः

1. क) बदर ख) बंदर ग) बनदर
2. क) कुआँ ख) कुआ ग) कुआं
3. क) आंकन ख) आकन ग) आँकन
4. क) कठ ख) कंठ ग) कण्ठ
5. क) जगल ख) जँगल ग) जंगल

प्रश्न.2 दिए गए प्रश्नों के लिए उपसर्ग के सही विकल्प चुनिएः

1.अतिथि- क)अ+तिथि ख)अ+तिथी ग)आ+तिथि

2.आरोहण- क)आरो ख)आ ग)हण

3.चौराहा- क)चो+राहा ख)चौ+राहा ग)चौ+रहा

4.संलाप- क)सं+लाप ख)स+लाप ग)सम+लाप

5.अध्यक्ष- क)अति ख)अधि ग) अध

प्रश्न 3 दिए गए प्रश्नों के लिए प्रत्यय शब्दों के सही विकल्प चुनिएः

1.कठिनाई- क)कठिन ख)आई ग) ई

2.साहसिक- क)साह ख)इक ग)सिक

3.कृपालु- क)कृपा+लु ख)कृप+लु ग)कृपा+लू

4.खटास- क) खट्+आस ख)खट्टा+आस ग) खट्टा+स

5.जापानी- क) जापान+ई ख) जापान+नी ग) जापा+नी

प्रश्न 4. एक से अधिक वर्णों के मेल से बने सार्थक वर्ण समूह के लिए सही विकल्प चुनिएः

क)पद   ख) पदबंध   ग) शब्द

प्रश्न 5.जब शब्द का प्रयोग वाक्य में किया जाता है ,तब वह बन जाता है-

क) शब्दांश   ख) वाक्य   ग) पद

प्रश्न 6 दिए गए वाक्यों के लिए उचित विराम चिह्नों से युक्त सही विकल्प चुनिएः

1.तुम्हारा नाम क्या है

क) तुम्हारा नाम क्या है? ख) तुम्हारा नाम क्या है!   ग) तुम्हारा नाम क्या है।

2.वाह कितना सुंदर दृश्य है

क) वाह कितना सुंदर दृश्य है।   ख) वाह, कितना सुंदर दृश्य है?   ग) वाह! कितना सुंदर दृश्य है।

3.सुनो भाइयों मेरी बात सुनो

क)सुनो भाइयों, मेरी बात सुनो।   ख) सुनो भाइयों मेरी बात सुनो।   ग) सुनो भाइयों मेरी ,बात सुनो।

प्रश्न 7.दिए गएविराम चिह्नों के लिए सही विकल्प चुनिएः

1.**?** क) पूर्ण विराम   ख) उपविराम   ग) प्रश्नवाचक चिह्न

2.**!**   क) प्रश्नवाचक चिह्न   ख) कोष्ठक   ग) विस्मयवाचक चिह्न

3.**।** क) उपविराम   ख) पूर्ण विराम   ग) योजक चिह्न

4.**" "**   क) उद्धरण चिह्न   ख) कोष्ठक   ग) पूर्ण विराम

5. **,**   क) योजक चिह्न   ख) अल्प विराम   ग) उपविराम

प्रश्न 8 दिए गए प्रश्नों के अनुसार पत्र लेखन कीजिएः

1.अपने छोटे भाई को पढ़ाई के साथ-साथ व्यायाम करने का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखिए।

2.साक्षरता अभियान में अपने योगदान का वर्णन करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

3.अपने जन्मदिवस पर मामा जी को बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए।

4.अपने मित्र को फेस-बुक की लाभ-हानियाँ बताते हुए पत्र लिखिए।

5.रक्तदान शिविर में आने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 9 संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए-(80-100 शब्द)

1.विज्ञान और हमारा जीवन

संकेत बिंदु- विज्ञान का अर्थ 0विज्ञान का महत्त्व 0विज्ञान का दुरुपयोग 0विज्ञान का सदुपयोग

2.भारत मेरे सपनों का देश

संकेत बिंदु- भारत की संस्कृति 0भारत की कला 0धर्म निरपेक्षता 0भारत केपर्व और त्योहार

3.बेरोज़गारी की समस्या

संकेत बिंदु- विकराल समस्या 0हानियाँ 0कारण 0उपाय

10.नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुन कर दीजिए।

प्राचीनकाल में शनि को अमंगलकारी ग्रह समझा जाता था। सुनी सुनाई बातों के आधार पर लोगो में इस ग्रह के बारे में भ्रांतियाँ फैलती चली गईं। यह ग्रह अत्यंत मंद गति से सूर्य के चारों ओर करीब 30 वर्ष में एक चक्कर पूरा करता है। शनि का दिन हमारे दिन से छोटा होता है। यह अत्यंत ठंडा ग्रह है। इसके वायुमंडल का तापमान शून्य से 150 डिग्री सेंटिग्रेड नीचे रहता है। अतः यहाँ जीवन संभव नहीं है। वैज्ञानिक खोजों के आधार पर शनि के उपग्रहों की संख्या 17 हो गई है। इस ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह चंद्र टाइटन है। यह उपग्रह चंद्रमा से काफी बड़ा है। टाइटन की अद्भुत चीज़ इसका वायुमंडल है। इसके वायुमंडल में मीथेन गैस पर्याप्त मात्रा में है। इस पर मिथेन, पानी की तरह मानी जा सकती है। शनि को दूरबीन से देखा जाए तो इसके चारों ओर वलय या घेरे दिखाई देते हैं। इन वलयों या कंकणों से इसकी सुंदरता काफ़ी बढ़ जाती है। इन वलयों की खोज गैलीलियो ने की थी। नई खोजों के आधार पर सौर मंडल के कई ग्रहों के वलयों की खोज हो चुकी है। शनि जितने सुंदर और स्पष्ट वलय किसी ग्रह के नहीं है।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।

(1)शनि की सुंदरता का कारण है

(क) इसका सबसे छोटा होना

(ख) सब से अलग होना

(ग) इसके चारों ओर चमकते घेरे

(घ) इसका सूर्य के समीप होना

(2) शनि पर जीवन संभव नहीं है क्योंकि

(क) वहाँ क्रूर देव हैं

(ख) बहुत गर्मी है

(ग) बहुत ठंडा ग्रह है

(घ) बहुत अँधेरा है

(3) धरती का उपग्रह है

(क) बुध

(ख) शनि

(ग) चन्द्रमा

(घ) सूर्य

(4) मीथेन गैस को किस के समान माना गया है?

(क) अग्नि

(ख) पानी

(ग) मिट्टी

(घ) रोशनी

(5) शनी के वलयों की खोज करने वाले वैज्ञानिक थे

(क) आइंस्टाइन

(ख) न्यूटन

(ग) सी.वी. रामन

(घ) गैलीलियो

NOTE-DO PRACTICE OF WRITING SKILL AND LEARN ALL THE Q&A .READ THE LESSONS THROUGHLY.